देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 03.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल ग्रोक पर महिलाओं और बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान के तहत देहरादून के खैरीमान सिंह में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया।
- प्रदेश में बिजली ट्रिपिंग से निजात मिलेगी। पिटकुल कर रहा नए सब स्टेशनों का निर्माण।
- जल संसाधनों के संरक्षण और भविष्य की जल प्रबंधन नीति को मजबूत करने के उद्देश्य से रूद्रपुर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन।

## नोटिस

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी कर ग्रोक एआई पर अश्लील सामग्री हटाने को कहा है। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने अश्लील सामग्री बनाने और साझा करने के लिए ग्रोक एआई के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त है। इस संबंध में मंत्रालय ने एक्स के इंडिया ऑपरेशन के मुख्य अनुपालन अधिकारी को एक पत्र लिखा है। मंत्रालय ने कहा है कि उपयोगकर्ता ग्रोक एआई सेवा का दुरुपयोग करके फर्जी खाते बना रहे हैं और महिलाओं की अश्लील तस्वीरें या वीडियो अपमानजनक या भद्दे तरीके से होस्ट, जेनरेट, प्रकाशित या साझा कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान की जमीनी पड़ताल के लिए देहरादून जिले में रायपुर ब्लॉक के खैरीमान सिंह में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय शिविर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के तहत आयोजित बहुद्देश्यीय शिविर में जन–समस्याओं के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली और अभियान के संबंध में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और सरकार की जन–कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के लिए मौके पर की गई व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने अधिकारियों को जन–समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' अभियान का उद्देश्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना है। इसलिए इस अभियान को पूरी संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और प्रभावशीलता के साथ संचालित किया जाना जरूरी है।

चंपावत कालेज

चम्पावत जिले के लोहाघाट छमनिया चौड़ में प्रदेश का पहला महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिला क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह बिष्ट ने बताया 256 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे स्पोर्ट्स कॉलेज में हॉकी, फुटबॉल और एथलेटिक्स मैदान के साथ ही छात्रावास व प्रशासनिक भवन का निर्माण किया जाना है।

स्वच्छता बैठक

हरिद्वार में स्वच्छता अभियान लगातार जारी है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्र ने सामाजिक व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक की और स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर हरिद्वार में स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जा रहा है और यह अभियान शहरों और ग्रामीण इलाकों में एक माह से चल रहा है। उन्होंने बताया कि नए वर्ष में इस अभियान को और तेजी से चलाया जाएगा। इसमें व्यापारिक और सामाजिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा।

बैठक में व्यापारियों ने आश्वासन दिया कि वे स्वच्छता अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लेंगे और प्रशासन का पूर सहयोग करेंगे।

पिटकुल

नए साल की शुरुआत के साथ ही पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड– पिटकुल ने आम जनता के साथ ही फैक्ट्री मालिकों को भी बढ़ी राहत देने का फैसला किया है। इसके तहत प्रदेशभर में पिटकुल, नए सब स्टेशनों का निर्माण तेजी से कर रहा है। पिटकुल के प्रबंध निदेशक पी.सी ध्यानी ने बताया कि ट्रिपिंग की शिकायतों को दूर करने के लिए अलग–अलग स्थानों पर नये सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों में सब स्टेशन का निर्माण होने से फैक्ट्री मालिकों को भी राहत मिलेगी।

कार्यशाला

जल संसाधनों के संरक्षण और भविष्य की जल प्रबंधन नीति को मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिला स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में ऊधमसिंह नगर जिले के रूद्रपुर में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। लघु सिंचाई के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि कार्यशाला में संगणना कार्यों की प्रगति, फील्ड स्तर पर क्रियान्वयन की रणनीति, कार्ययोजना और विभागीय समन्वय जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की इस योजना का उद्देश्य जल स्रोतों की सटीक संगणना करना है, ताकि भविष्य की कार्ययोजना बनाई जा सके।

सेवा समाप्त

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून जिले के राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, चकराता में तैनात चिकित्सक डॉ. उमंग शर्मा की सेवा समाप्त करने का अनुमोदन किया है। डॉ. शर्मा लगभग दो वर्षों से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थीं। कार्यस्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए जाने के बावजूद चिकित्सक तैनाती स्थल पर नहीं पहुंचीं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू की गई थी। मुख्यमंत्री ने इस कार्रवाई को अंतिम रूप देकर औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया है।